भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 3291

सोमवार, 16 दिसंबर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक)

झारखंड में रोजगार मेले

3291. श्री मनीष जायसवाल:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2023-24 के दौरान झारखंड में कितने रोजगार मेले आयोजित किए गए;

(ख) उक्त रोजगार मेलों से कितने अभ्यर्थी लाभान्वित हुए;

(ग) वर्ष 2024-25 के दौरान हजारीबाग में रोजगार मेले के आयोजन के संबंध में सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं; और

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (घ) राज्य सरकारों/मंत्रालयों/विभागों आदि द्वारा नियमित रूप से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं।

वर्ष 2023-24 के दौरान, झारखंड राज्य (हजारीबाग सहित) के राज्य रोजगार कार्यालयों/मॉडल करियर केंद्रों द्वारा आयोजित रोजगार मेलों का विवरण निम्नानुसार है:

2023-24	रोजागर मेलों की संख्या	भाग लेने वाले नियोक्ता	रोजगार चाहने वाले प्रतिभागी	अनंतिम रूप से चयनित रोजगार चाहने वाले
झारखंड	459	1923	51,495	22,827

यह रोजगार मेले युवाओं के लिए रोजगार संवर्धन और स्वरोजगार सृजन के अवसरों के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं।

*****